JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

2021/08/363–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक :** 18.08.2021

जयपुर मेट्रो में
दो दिवसीय निःशुल्क Covid-19 वैक्सीनेशन कैंप
का सफल आयोजन।

जयपुर 18 अगस्त। जयपुर मेट्रो एवं CMHO-2 के UPHC किरण पथ, मानसरोवर मेडिकल टीम के संयुक्त तत्वावधान् में मेट्रो के मानसरोवर डिपो में दिनांक 17 व 18 अगस्त 2021 को दो दिवसीय निःशुल्क Covid-19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस वैक्सीनेशन कैंप में डॉ. वन्दना गुप्ता के नेतृत्व में चिकित्सा दल द्वारा जयपुर मेट्रो के अधिकारियो, कर्मचारियो, आउटसोर्सिंग स्टॉफ व उनके परिजनो को **(कोविशील्ड)** वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय टीके की लगभग 900 डोज लगाई गई। मेट्रो प्रशासन एवं CMHO-2 मेडिकल टीम के आपसी सामंजस्य एवं भरपूर सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर मेट्रो श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि कोरोना वैक्सीन प्रोग्राम की सरकार की मुहिम में जयपुर मेट्रो में शत्–प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। जयपुर मेट्रो की यह उपलब्धि मेट्रो की यात्री सेवा के भविष्य के लिए अच्छे संकेत है। आशा है कि इससे यात्रियों में विश्वास एवं यात्री संख्या में बढोतरी होगी। साथ ही मेट्रो स्टॉफ में भी नवीन ऊर्जा का संचार होगा। श्री शर्मा ने वैक्सीनेशन कैंप के इस सफल आयोजन में मेट्रो अधिकारियों व मेडिकल टीम के सदस्यों को बधाई दी।

जनसम्पर्क अधिकारी